गोविन्द शर्मा

भूत 1- पिछले साल आज ही के दिन मैं मरा था।

भूत 2- हैप्पी बर्थ डे टू यू।

★ ★ ★ ★

एक कंजूस दुकान में गया और बोला, "भैय्या जी एक टुथ ब्रश दे दो। मेरे ब्रुश का एक बाल टूट गया है।"

दुकानदार, "एक बाल टूटने पर नया ब्रुश क्यों लेते हो?"

कंजूस, "वो आखरी बाल था।"

★ ★ ★ ★

हरियाणा में बस स्टैण्ड पर एक लड़का खड़ा था। वहाँ तीन-चार अनजान महिलाएँ आईं। एक ने अपनी गठरी उस युवक को थमा दी। एक आदमी ने अपना कम्बल उसके कन्धे पर डाल दिया। एक ने अपना बच्चा उसे दे दिया। चौथा अपना सामान देने से पहले पूछ बैठा, "भाई, तेरा नाम क्या है?"

"खूँटी।" युवक ने जवाब दिया।

माथा पच्ची

संख्याओं का खेल

एक कैल्क्युलेटर लो।

अपने 7 अंक वाले लैण्डलाइन टेलिफोन नम्बर के पहले तीन अंकों को कैल्क्युलेटर में पंच करो (एरिया कोड छोड़कर)।

- इस संख्या को 80 से गुणा करो।
- उत्तर में 1 जोड़ो।
- अब 250 से गुणा करो।

अपने लैण्डलाइन नम्बर के आखिरी चार अंक जोड़ो।

- इन चार अंकों को दुबारा जोड़ो।
- उत्तर में से 250 घटाओ।
- शेष को 2 से भाग करो।

जो संख्या बची है, क्या कुछ परिचित-सी लगी?

उल्टा-सीधा

- तीन कप लो। उनको एक लाइन में खड़ा करो। बीच वाले कप को उलटा रख दो। बाकी दो को सीधा रखो।
- अब केवल तीन चाल में तीनों कप को सीधा खड़ा करो। शर्त यह है कि हरेक चाल में दो कप एक साथ उठाना ज़रूरी है।